राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची ।

सं०सं०–2/रा०प०(परी०)–55/2019–4631/2090 / दिनांक– 10.9.2020 /

प्रेषक,

अबु इमरान, भा०प्र०से०
सचिव,
राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची ।

सेवा में,

1. मुख्य सचिव/सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/ पथ निर्माण विभाग/ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग/ भवन निर्माण विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2. सभी प्रमंडलीय आयुक्त (केवल संबंधित प्रमंडलान्तर्गत जिलों का) ।
3. सभी उपायुक्त (केवल संबंधित जिलों का) ।
4. सभी अभियन्ता प्रमुख/ सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग/ जल संसाधन विभाग/ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग/ भवन निर्माण / नगर विकास एवं आवास विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग (केवल संबंधित विभाग के कर्मियों का) झारखण्ड, राँची ।
5. सभी प्रमंडलीय उप निबंधक, सहयोग समितियाँ (केवल संबंधित प्रमंडलान्तर्गत जिलों का)
6. सभी असैनिक शल्य चिकित्सक (केवल संबंधित जिलों का) ।
7. सभी जिला अवर निबंधक (केवल संबंधित जिलों का) ।
8. सभी उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ (केवल संबंधित प्रमंडलान्तर्गत जिलों का) ।
9. सभी प्रमंडलीय पशु चिकित्सा उपनिदेशक (केवल संबंधित प्रमंडलान्तर्गत जिलों का) प्राचार्य/अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज, राँची/ धनबाद/ जमशेदपुर (केवल संबंधित जिलों का) ।
10. निदेशक, जन स्वास्थ्य संस्थान, झारखण्ड, राँची ।
11. प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण विद्यालय, नेपाल कोठी, राँची ।
12. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी (केवल संबंधित जिलों का) ।
13. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची ।
14. कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची/प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची/सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/सभी मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/सभी वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची ।
15. मुख्य कारखाना निरीक्षक, झारखण्ड, राँची ।
16. प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट, लातेहार ।
17. सभी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान, झारखण्ड ।
18. निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची ।

कृ०पृ०उ०

विषयः— दिनांक 18 एवं 19 जनवरी, 2020 को आयोजित जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2019 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक दिनांक 18 एवं 19 जनवरी, 2020 को आयोजित जिला, अनुमंडल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2019 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची संलग्न है, जिससे कृपया अपने अधीनस्थ कार्यालयों के परीक्षार्थियों को अवगत करा दिया जाए । परीक्षा में उत्तीर्णता की प्रविष्टि संबंधित परीक्षार्थी के सेवापुस्त/डिजिटल ई–सर्विसबुक (Human Resource Management System के विहित फर्मेट में) में निश्चित रूप से अंकित करा दी जाए ।

2. परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी के नाम/पदनाम/पता इत्यादि (कोटि छोड़कर) में किसी प्रकार की त्रुटि के सुधार के लिए अभिप्रमाणित डॉक्यूमेन्टस के साथ आवेदन–पत्र इस पत्र के निर्गत होने के 90 (नब्बे) दिनों की अवधि के अन्दर संबंधित जिला उपायुक्त के माध्यम से राजस्व पर्षद, कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए । उक्त अवधि के बाद उक्त संशोधन हेतु भेजे गए आवेदन पत्र कालबाधित मानते हुए अस्वीकृत समझा जाएगा । उत्तरपुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन से संबंधित किसी प्रकार का अभ्यावेदन नियमानुसार स्वीकार्य नहीं होगा।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परीक्षार्थियों के नाम के साथ उनकी कोटि यथा अनुसूचित जाति/जनजाति का उल्लेख है । इनमें कोई भी परीक्षार्थी (कर्मचारी) वास्तव में अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य नहीं हैं वैसे मामले में संबंधित जिला उपायुक्त के माध्यम से उनके दावे (कार्यालय अभिलेख से जाँच कर अभिप्रमाणित डॉक्यूमेन्टस के साथ) के अनुसार परीक्षाफल में सुधार हेतु अनुशंसा सहित प्रस्ताव को पत्र निर्गत की तिथि से 30 (तीस) दिनों की सीमा अवधि के अंतर्गत राजस्व पर्षद कार्यालय में प्राप्ति सुनिश्चित किया जाय । उक्त अवधि के बाद उक्त संशोधन हेतु भेजे गए आवेदन पत्र कालबाधित मानते हुए अस्वीकृत समझा जाएगा ।

4. उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची www.jharkhand.gov.in → Department → Revenue, Registration & Land Reforms Department के Clerical Accounts Section पर उपलब्ध है।

अनुलग्नकः–यथोक्त ।

विश्वासभाजन

सचिव,
राजस्व पर्षद, झारखण्ड ।

राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची

दिनांक 18 एवं 19 जनवरी, 2020 को आयोजित जिला, अनुमण्डल एवं अन्य मुफस्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की द्वितीय अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2019 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सूची

जिला–पाकुड़

क्र0 सं0	रौल नं0	नाम / अ0जा0 / अ0ज0जा0 / पदनाम	कार्यालय का पता	पत्र / पत्रों में उत्तीण
1	2	3	4	5
1	9	दीपक कुमार शर्मा, लिपिक	प्रखंड कार्यालय, महेशपुर।	प्रथम् पत्र अंतिम स्तर
2	11	बिमल बास्की, लिपिक (अ0ज0जा0)	अंचल कार्यालय, महेशपुर	प्रथम् पत्र अंतिम स्तर

463/राप0
10.9.2020

सचिव,
राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची